e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:–17–विशेष सर्वेक्षण–मार्गदर्शन–28/2018......2684

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना, दिनांक :–07-09-2021

विषय :– भू–नापी से संबंधित मामलों के निष्पादन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर पर अंचलों में भू–मापी के कारण हो रहे विवादों से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। दिनांक–06.09.2021 को "जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम" के दौरान भी नापी के मामलों से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। आप अवगत हैं कि स्थानीय स्तर पर भू–विवादों का एक प्रमुख कारणससमय और निष्पक्ष तरीके से नापी संबंधित आवेदनों का निष्पादन नहीं होना है। साथ ही राज्य के 20 जिलों में भू–सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत बनाए जा रहे अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र की शुद्धता बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है कि रैयतों के भूमि की नापी निष्पक्ष एवं विवादरहित हो।

अतः आपसे अनुरोध है कि भू–नापी से संबंधित आवेदनों को ससमय एवं निष्पक्ष तरीके से निष्पादित करने का निदेश अंचलाधिकारियों को निर्गत करने की कृपा की जाए ताकि राज्य में भू–विवादों को कम किया जा सके तथा भूमि सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया के अंतर्गत किसी को भी अनुचित लाभ प्राप्त न हो सके।

विश्वासभाजन

7/9/21

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–मार्गदर्शन–28/2018......2684......**पटना, दिनांक :**07-09-2021

प्रतिलिपिः–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, सुपौल, शेखपुरा, बांका, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/9/21

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–मार्गदर्शन–28/2018......2684......**पटना, दिनांक :**07-09-2021

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिहार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/9/21

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Director\file no_28_2018_07.09.2021.doc

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–मार्गदर्शन–28/2018.........2684.........**पटना, दिनांक** :07-09-2021

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
7/9/21

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–मार्गदर्शन–28/2018.........2684.........**पटना, दिनांक** :07-09-2021

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
7/9/21

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–मार्गदर्शन–28/2018.........2684.........**पटना, दिनांक** :07-09-2021

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
7/9/21